# मां हिंगलाज जन्मोत्सव पर समाज को बड़ी सौगात, अर्चना चिटनिस ने मंदिर एवं समाज भवन के लिए मुख्यमंत्री अधोसंरचना विधायक विशेष निधि में 15 लाख रुपए किए प्रस्तावित

**बुरहानपुर।** आषाढ़ी दूज के पावन अवसर पर श्री सोमवंशीय सहस्त्रार्जुन क्षत्रिय ;छत्तरी समाज सकलपंच द्वारा दाउदपुरा स्थित श्री हिंगलाज माता मंदिर में मां हिंगलाज जन्मोत्सव श्रद्धा,आस्था और भक्ति के साथ मनाया गया। पूजन.अर्चन,महाआरती एवं महाप्रसादी के इस धार्मिक आयोजन में विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। समाज की मातृशक्ति एवं पदाधिकारियों ने पारंपरिक रीति.रिवाजों से उनका आत्मीय स्वागत किया।

मां हिंगलाज के श्रीचरणों में पूजा.अर्चना कर श्रीमती अर्चना चिटनिस ने प्रदेश एवं जिले की सुख.समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि मां हिंगलाज केवल आराधना का स्वरूप नही,बल्कि शक्ति,त्याग, सेवा, संरक्षण और मातृत्व की जीवंत प्रतीक हैं। भारतीय संस्कृति में शक्ति की उपासना हमें साहस, सेवा,संवेदना और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देती है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को संगठित करते हैंए पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाते हैं और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जोडने का कार्य करते हैं। समाजजनों द्वारा श्री हिंगलाज माता मंदिर एवं समाज भवन निर्माण के लिए सहयोग का आग्रह किए जाने पर श्रीमती अर्चना चिटनिस ने मुख्यमंत्री अधोसंरचना विधायक विशेष निधि से 15 लाख रुपए प्रस्तावित किए। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाएं समाज को संस्कारित, संगठित और सशक्त बनाने का माध्यम होती हैं। मंदिर आस्था का केंद्र है तो समाज भवन सामाजिक समरसता, संस्कार, संवाद और सामूहिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा।



समाजहित के प्रत्येक कार्य में उनका सहयोग सदैव मिलता रहेगा।

चिटनिस ने मातृत्व की अनुपम व्याख्या करते हुए एक भावपूर्ण कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि एक चिड़िया अपने बच्चों के लिए दाना लेकर लौट रही थी। रास्ते में वह गंभीर रूप से घायल हो गई और उसका पूरा शरीर लहूलुहान हो गयाए लेकिन उसने अपनी पीड़ा की परवाह नहीं की। वह किसी तरह अपने घोंसले तक पहुंची और अंतिम सांस तक अपने नन्हे बच्चों को दाना खिलाती रही। अपने प्राणों की चिंता किए बिना उसने केवल अपने बच्चों के जीवन और उनकी भूख को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि यही मां की ममता हैए यही त्याग है और यही निस्वार्थ प्रेम है। मां अपने बच्चों के लिए स्वयं का सर्वस्व न्योछावर कर देती है। मां हिंगलाज की आराधना भी हमें यही प्रेरणा देती है कि जीवन में सेवा, समर्पण,करुणा और संरक्षण के भाव को अपनाकर परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनए पदाधिकारीए मातृशक्ति,युवा वर्ग एवं बड़ी संख्या में समाजबंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने मां हिंगलाज का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रदेश एवं देश की सुख.समृद्धि की कामना की तथा मंदिर एवं समाज भवन निर्माण के लिए मुख्यमंत्री अधोसंरचना विधायक विशेष निधि में 15 लाख रुपए प्रस्तावित किए जाने पर श्रीमती अर्चना चिटनिस के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भीमसेन लधवे,ओम कुमार बड़े, मुकेश चावुंदे, महेश रावतोले, दिनकर काशीवाले,विजय आफरे,पुनमचंद सोलंकी, शरद पवार, अजय रावतोले, ज्योति विजय ऑफरे, सुरेखा पुनमचंद,श्रीमती चेतना रावतोले,चेतना शरद, पिंकी राकेश पवार,भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सावित्री बत्रा, संध्या कदवाने, चिंटू राठौर, गौरव शुक्ला, रितेश सरोदे, रूद्रेश्वर एंडोले,अमित परमेकर,प्रशांत रावतोले, जयंत मुंशी सहित अन्य गणमान्य नागरिक व महिलाएं उपस्थित रही।

# भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी ने 80 टीबी मरीजों वितरित की खाद्य सामग्री

## अर्चना चिटनिस ने स्वच्छ, स्वस्थ, हरित एवं आत्मनिर्भर बुरहानपुर के निर्माण का दिलाया संकल्प

**बुरहानपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, जिला शाखा बुरहानपुर द्वारा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टीबी मरीजों के लिए खाद्य सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी के संस्थापक सर हेनरी ड्यूनांट के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं बुरहानपुर विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी के पदाधिकारियों के साथ 80 टीबी मरीजों को पौष्टिक खाद्य सामग्री वितरित कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब प्रत्येक नागरिक अपने शहर,पर्यावरण और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करेगा। जिस प्रकार हम अपने घर को स्वच्छ और सुंदर रखते हैं, उसी प्रकार अपने नगर बुरहानपुर को भी स्वच्छ, सुंदर,व्यवस्थित और आत्मनिर्भर बनाने का



संकल्प हम सभी को लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का मंत्र ष्सबका साथ, सबका विकास,सबका विश्वास,सबका प्रयास प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव जी के नेतृत्व में प्रदेश में जनकल्याण और विकास के अनेक कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। लाड़ली बहना योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है तथा प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए व्यापक जनजागरण अभियान संचालित किए जा रहे हैं। मानव जीवन अत्यंत अनमोल हैए इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए तथा नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनानी चाहिए। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि यदि हमें स्वच्छ हवाए शुद्ध जल और स्वस्थ वातावरण चाहिए तो पर्यावरण संरक्षण को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाना होगा। अधिक से अधिक वृक्षारोपण, स्वच्छताए जल संरक्षण और प्रकृति के प्रति संवेदनशील व्यवहार ही आने वाली पीढियों को सुरक्षित एवं बेहतर भविष्य प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में सरकार आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर रही है। अस्पतालों में एआई आधारित आधुनिक मशीनों के माध्यम से जांच एवं दवाइयों की समुचित व्यवस्था से मरीजों को समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि टीबी जैसी बीमारी का एक प्रमुख कारण कुपोषण, गंदगी और अस्वच्छ वातावरण भी है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए, पौष्टिक भोजन करना चाहिए तथा यदि किसी को टीबी हो जाए तो चिकित्सक के निर्देशानुसार नियमित रूप से पूरा उपचार लेना चाहिए। कार्यक्रम में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन सुमित बोरले, कोषाध्यक्ष कपिल गुप्ता, सचिव एम.एस.देवके,प्रबंध समिति सदस्य डॉ.मनोज अग्रवाल, रुद्रेश्वर एंडोले,नीरज कक्कड़,मनोज टंडन,प्रभाकर चौधरी,अनिल पुनिवाला,मुकेश पूर्वे, रविंद्र गुप्ता, शाकिर साहब, मनोज मुंशी, आजीवन सदस्य रियाजुल हक अंसारी, परवेज खान बहादुर,राजीक हुसैन,डॉ.यूसुफ साहब, रामकुमार अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विजय सोनी ने किया।



## सीएम हेल्पलाइन से मिला समाधान

# मौके पर जांच एवं आपसी सहमति से सुलझा रास्ता विवाद

**बुरहानपुर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित सीएम हेल्पलाइन आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण का प्रभावी माध्यम है। जिले में प्रशासन द्वाराए प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। वृत फोफनारकलां ग्राम संग्रामपुर निवासी आवेदक रामदास द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के निराकरण हेतु तहसीलदार गोविंद रावत ने मौके पर पहुंचकर आवेदक एवं अनावेदक दोनों पक्षों की उपस्थिति में स्थल का निरीक्षण किया तथा वस्तुस्थिति की विस्तार से जांच की। दोनों पक्षों की बात सुनने और आवश्यक राजस्व अभिलेखों का परीक्षण करने के उपरांत आपसी संवाद एवं सहमति के माध्यम से रास्ता विवाद का समाधान कराया गया। प्रशासन के प्रयासों से दोनों पक्ष विवाद के शांतिपूर्ण एवं पारस्परिक सहमति से किए गए निराकरण पर संतुष्ट हुए।

# छेनप का पुतला दहन किया अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने




**बुरहानपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आज एनएसयूआई ;छैन्प्द्ध नेता सुभाष यादव के विरोध में पुतला दहन कर जोरदार प्रदर्शन किया गया। परिषद के कार्यकर्ताओं ने बताया कि सुभाष यादव द्वारा एक छात्रा के साथ मारपीट कर उसके साथ मारपीट कर बलात्कार किया जान से मारने की धमकी दीए जिसके विरोध में यह प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया गया। जिला संयोजक मुकेश शिंदे ने कहा कि यह एनएसयूआई से जुड़ा पहला मामला नहीं है। इससे पूर्व भी एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज खान एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष से जुड़े बलात्कार के मामले सामने आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि लगातार ऐसे प्रकरण सामने आने से छात्राओं और महिलाओं की सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं। नगर मंत्री पीयूष खेरनार ने बताया कि छैन्प् छात्र संगठन के नाम पे कलंक हे ओर छैन्प् को नारी सताओ यूनियन ऑफ इंडिया कहा जाए तो कोई गलत नहीं होगा। विद्यार्थी परिषद ने मांग की हे आरोपी सुभाष यादव के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए तथा मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को शीघ्र सजा दिलाई जाए। परिषद कार्यकर्ताओं ने कहा कि छात्राओं के सम्मान और सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान जिला छात्रा प्रमुख खुशी गायकवाड़ एजिला संयोजक मुकेश शिंदे नगर मंत्री पीयूश खैरनार हर्ष ढालवानीए वीरेन पासीए गणेश बोकेए एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत 100 पौधों का रोपण



**बुरहानपुर।** प्रदेश सरकार के आह्वान पर संचालित ष्एक पेड़ माँ के नामष् अभियान के अंतर्गत उद्यानिकी विभाग द्वारा गुरुवार को शासकीय नर्सरी बसाड़ में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान डिप्टी कलेक्टर श्री राजेश पाटीदार,डिप्टी कलेक्टर श्री भागीरथ वाखला, डिप्टी कलेक्टर श्री तपीश पांडे,उपसंचालक उद्यानिकी श्री एस.आर.चौहान, श्री सीएमएचओ डॉ. आर.के.वर्मा, पीएचई विभाग से श्री मंडलोई, महिला एवं बाल विकास विभाग,जन अभियान परिषद,स्व सहायता समूह की दीदीयों सहित अन्य विभागों के अमले ने करीबन 100 फलदार पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण का संकल्प लेते हुए नागरिकों से भी पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान प्रकृति संरक्षण के साथ.साथ भावनात्मक जुड़ाव का भी संदेश दे रहा है।

# घर-घर पहुंचकर दी जा रही पशु स्वास्थ्य सेवाएं एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी



**बुरहानपुर।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेशभर में संचालित दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का उद्देश्य पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हुए दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करना तथा उन्हें पशुपालन से जुड़ी शासकीय योजनाओं का अधिकतम लाभ उपलब्ध कराना है।

जिले में 18 जुलाईए 2026 तक संचालित इस अभियान के तीसरे चरण अंतर्गत पशुपालन विभाग के अधिकारी एवं मैदानी अमला पशुपालकों के घर.घर पहुंचकर पशुओं के पोषणए टीकाकरणए नस्ल सुधारए रोग नियंत्रण तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान कर रहे हैं। साथ ही पात्र हितग्राहियों का सत्यापन कर उन्हें विभिन्न योजनाओं से जोडने की कार्यवाही भी की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम डाभियाखेड़ाए हैदरपुर एवं हिवरा में सत्यापन कार्य किया गया तथा पशुपालकों को वैज्ञानिक पशुपालन अपनाने और शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान जिले की गौशालाओं का भी आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में गौरक्षण गौशाला झांझर एवं नेपानगर स्थित श्रीराम गौशाला का निरीक्षण कर पशुओं के स्वास्थ्यए टीकाकरणए पोषण एवं समुचित देखभाल की व्यवस्था का अवलोकन करते हुए बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश एवं मार्गदर्शन भी दिया गया।

# पहाड़ियों पर लहराने लगे पलाश के नन्हे पौधे



**बुरहानपुर।** झिरी धूपगट्टा असीरगढ़ नेपानगर धुलकोट चाकबारा चिंचाला बोदरली पातोंडा भोलाना झांझर हसनपुरा डोंगरगांव डवाली खुर्द की पहाड़ी पर पलाश के बीजों का बीजारोपण आज हजारों पौधे के रूप में लहलहाते नजर आरहे है धीरे धीरे एक जीवंत और खूबसूरत जंगल के रूप में आकार ले रहा है। हाल ही में झिरी की पहाड़ी पर इस बीजारोपण की जमीनी हकीकत और पौधों की स्थिति का जायजा लेने पहुंचे डिप्टी कलेक्टर राजेश पाटीदार, विजय सोलंकी, पर्यावरण मित्र संजय राठौड़,मनोज तिवारी और सुधीर गुप्ता विजय पाटिल वहां का नजारा देखकर गदगद हो उठे। साइनटेक इको फाउंडेशन के द्वारा पलाश के बीज उपलब्ध कराए गए हैं।

पहाड़ी पर हजारों की संख्या में शान से लहलहाते पलाश के नन्हे पौधों को देखकर प्रशासनिक अधिकारियों और पर्यावरणविदों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस सुखद परिणाम को देखकर डिप्टी कलेक्टर राजेश पाटीदार ने कहा कि सैकड़ों विद्यार्थियों, समर्पित कर्मचारियों और अधिकारियों द्वारा मिलकर किया गया श्रमदान आज सफल साबित हुआ है। पलाश के उपयोगिता एवं गुण का महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि इन पौधों को किसी विशेष सुरक्षा या अतिरिक्त सिंचाई की जरूरत नहीं होती हैए बल्कि ये बेहद कम पानी में भी प्राकृतिक रूप से धीरे.धीरे मजबूती के साथ बढ़ते रहते हैं। यही वजह है कि इनकी इस खूबी को देखते हुए इस वर्ष भी अलग.अलग पहाडियों पर बीजारोपण का यह पुनीत कार्य लगातार जारी है। पर्यावरण मित्र संजय राठौड़ ने बताया जिन भी पहाडियों पर बीजारोपण किया गया थाए वहां आज लगभग अस्सी प्रतिशत की दर से हजारों पौधे मुस्कुरा रहे हैं।

# नकबजनी के दो प्रकरणों में दो आरोपी एवं एक विधि विरूद्ध बालक हिरासत में, आभूषण एवं नगदी बरामद

## शिकारपुरा पुलिस को मिली बडी सफलता

**बुरहानपुर।** थाना शिकारपुरा सुंदर नगर में शिक्षिका के घर से हुई चोरी का पुलिस ने किया 03 दिनों में पर्दाफाश आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया मशरूका किया बरामद। आरोपी द्वारा घर की रैकी कर दिया था घटना को अंजाम। उपरोक्त जानकारी प्रेसवार्ता में नगर पुलिस अधिक्षक श्री पाटील ने देते हुवे बताया कि आशुतोष बागरी एवं अति.पुलिस अधीक्षक प्रदीप शेण्डे द्वारा सम्पत्ति संबंधी अपराधों मे तत्काल कार्यवाही कर आरोपियों को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया था। नगर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व मे विशेष टीम का गठन किया गया। जिसके

दिनांक 12/07/2026 को फरियादिया श्रीमति ममता पति राजेश पाटिल निवासी सुंदर नगर थाना शिकारपुरा ने रिपोर्ट किया कि सुबह करी 9.30 बजे वह घर का दरवाजा बाहर से बंद कर ताला लगाकर मंदिर गई थी जो वापिस लौट कर आई तो घर के बाहर लगे दरबाजे में लगा ताला नहीं मिला, अंदर जाकर देखा तो अलमारी के दराज में रखे चांदी के 04 नग पायल,दो सोने की अंगूठी, सोने के कान के टॉप्स, दो सोने की कान की बाली कुल जेवरात करीब 150000 रूपये के कोई अज्ञात चोर चोरी क ले गया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना शिकारपुरा पर अपराध क्रमांक 243/2026 धारा 305,331;3 बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया था। दिनांक 18/6/2026 को फरियादी सुरेश पिता सच्चानंद रोचलानी उम्र 50 साल एस.एस ट्रेडर्स, बुरहानपुर रोड ने थाना शिकारपुरा में रिपोर्ट किया कि दिनांक 17.18 जून 2026 की दरम्यानी रात उसके गल्ले से कोई अज्ञात व्यक्ति दुकान के पीछे की दीवार तोडकर दुकान के गल्ले में रखी नगदी करीब 15000 रूपये चोरी कर ले गया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना शिकारपुरा पर अपराध क्रमांक



215/2026 धारा 305,331;3 बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया था प्रकरणों में अज्ञात आरोपी के पतारसी हेतु पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर श्री आशुतोष बागरीए अतिण् पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप कुमार शेण्डे निर्देशन मे एवं श्री नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटील के मार्गदशन मे थाना शिकारपुरा पर थाना संदीप चैरसिया के नेतृत्व मे टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा अज्ञात आरोपी की तलाश हेतु तकनीकी एवं वैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर मुखबीर तंत्र की मदद ली गई। घटना स्थल एवं आसपास क्षेत्र मे लगे सीसीटीव्ही फुटेज मे प्राप्त अज्ञात बदमाश के हुलिये के आधार पर अज्ञात आरोपी की पतारसी करते मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की इस हुलिये का व्यक्ति सलीम साही मस्जिद के पीछे शिकारपुरा में रहता है। टीम द्वारा मुखबीर सूचना के आधार पर संदेही की तलाश की गई संदेही हुलिये का व्यक्ति मिला जिससे पुछताछ करते उसने अपना नाम बाजिद हुसैन उर्फ भज्जू उर्फ टर्बो पिता शाबिर हुसैन निवासी सलीम साही मस्जिदके पास शिकारपुरा का होना बताया। जिससे चोरी के संबंध मे पुछताछ करते उसके द्वारा उक्त चोरी करना स्वीकार किया। सुंदर नगर में महिला के घर में हुई चोरी में साथी रमेश उर्फ राम्या पिता काशीनाथ निवासी भोईबाड़ा शिकारपुरा के साथ चोरी करना एवं करीब एक माह पूर्व किराना व्यापारी की दुकान में हुई चोरी में सार्थी रमेश उर्फ राम्या पिता काशीनाथ निवासी भोईबाड़ा शिकारपुरा एवं विधि विरूद्ध बालक के साथ मिल चोरी करना स्वीकार किया। प्रकरण में

**आरोपी का नामः-** बाजिद हुसैन उर्फ भज्जू उर्फ टर्बो पिता शाबिर हुसैन उम्र 20 साल, निवासी सलीम साही मस्जिदके पास शिकारपुरा एवं रमेश उर्फ राम्या पिता काशीनाथ हरणे उम्र 25 साल निवासी भोईबाड़ा शिकारपुरा तथा एक अन्य विधिविरूद्ध बालक है

**जप्त मश्रुकाः-** अपराध क्रमांक 243/2026 धारा 305,331;3 बीएनएस में एक सोने के पेण्डल,चांदी के 04 नग पायल, एक सोने की अंगूठी,सोने के कान के दो टॉप्स, दो सोने की कान की बाली,चांदी का बिछिया कुल जेवरात करीब 150000 रूपये एवं अपराध क्रमांक 215/2026 धारा 305;ए,331;3 बीएनएस में नगदी 3,500/-रूपये ।

**पुलिस टीम की विशेष भुमिकाः-** नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटील, निरीक्षक संदीप चैरसिया,सउनि देवेन्द्र पाटिल,सउनि संजीव पगारे, प्रधान आरक्षक विजय बड़कार, प्रआर सादाब खान थाना लालबाग, आरक्षक विनोद परिहार ,प्र.आर धनराज पाटील।